
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 3.9.25 | 3 | 4-5 |

# एचएयू छात्रा किरण इंडोनेशिया शिखर सम्मेलन में लेंगी भाग



भास्कर न्यूज | हिसार

एचएयू की छात्रा किरण 24वें अंतरराष्ट्रीय छात्र शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए इंडोनेशिया जाएंगी। यह शिखर सम्मेलन इंडोनेशिया की बोगर में 3 से 6 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। एचएयू के कुलपति प्रो. बीआर. काम्बोज ने छात्रा को चयन के लिए बधाई दी। इन्दिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. अतुल ढींगड़ा ने बताया कि किरण सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में बीएससी अंतिम वर्ष की छात्रा है। टोक्यो कृषि विश्वविद्यालय द्वारा इंडोनेशिया के बोगर स्थित आईपीबी विश्वविद्यालय में खाद्य, कृषि और पर्यावरण पर 24वें अंतरराष्ट्रीय छात्र शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. रमेश कुमार ने बताया कि इस शिखर सम्मेलन में दुनियाभर के 19 देशों के 23 विश्वविद्यालयों से 26 प्रस्तुतकर्ता चुने गए हैं। शिखर सम्मेलन में विद्यार्थी अपने-अपने समुदायों के सामने आने वाली समस्याओं से निपटने के लिए उठाए कदमों पर चर्चा के लिए शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। 24वें शिखर सम्मेलन का मुख्य विषय युवा नेतृत्व वाले नवाचार और एक स्थाई भविष्य की दिशा में सामुदायिक सशक्तिकरण होगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 3.9.25 | 5 | 3-5 |

# हकृवि की छात्रा किरण इंडोनेशिया शिखर सम्मेलन में लेंगी भाग

हिसार, 2 सितम्बर (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की छात्रा किरण 24वें अंतर्राष्ट्रीय छात्र शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए इंडोनेशिया जाएंगी। यह शिखर सम्मेलन इंडोनेशिया की बोगर में 3 से 6 सितम्बर तक आयोजित किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने छात्रा को चयन के लिए बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। कुलपति प्रो काम्बोज ने बताया कि विश्वविद्यालय के लिए यह गर्व की बात है। हमारे छात्र और छात्राएं लगातार वैश्विक मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। इन्दिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अतुल ढींगड़ा ने बताया कि किरण सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में बीएससी अंतिम वर्ष की छात्रा है। उन्होंने बताया कि टोक्यो कृषि विश्वविद्यालय द्वारा इंडोनेशिया के बोगर स्थित आईपीबी विश्वविद्यालय में खाद्य, कृषि और पर्यावरण पर 24वें अंतर्राष्ट्रीय छात्र शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. रमेश कुमार ने बताया कि इस शिखर सम्मेलन में दुनिया भर के 19 देशों के 23 विश्वविद्यालयों से 26 प्रस्तुतकर्ता चुने गए हैं। शिखर सम्मेलन में विद्यार्थी अपने-अपने समुदायों के सामने आने वाली समस्याओं से निपटने के लिए उठाए गए कदमों पर चर्चा के लिए शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि 24वें शिखर सम्मेलन का मुख्य विषय युवा नेतृत्व वाले नवाचार और एक स्थाई भविष्य की दिशा में सामुदायिक सशक्तिकरण होगा। अंतर्राष्ट्रीय मामलों की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा ने बताया कि छात्रा किरण सतत पोषण-कुपोषण की रोकथाम और सामुदायिक सशक्तिकरण के उपाय के रूप में बाजरा विषय पर अपना शोध प्रस्तुत करेंगी। जिसमें पोषण संबंधी चुनौतियों का समाधान करने और स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने में पारंपरिक, जलवायु अनुकूल फसलों के महत्व पर प्रकाश डाला जाएगा। समन्वयक डॉ. मंजूनाथ भी इस कार्य में अपना योगदान दे रहे हैं।



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के साथ छात्रा किरण व अन्य अधिकारी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 3-9-25 | 3 | 4 |

# हकृवि की छात्रा किरण लेगी इंडोनेशिया शिखर सम्मेलन में भाग

जासं • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की छात्रा किरण 24वें अंतरराष्ट्रीय छात्र शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए इंडोनेशिया जाएंगी। यह शिखर सम्मेलन इंडोनेशिया की बौगर में 3 से 6 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने छात्रा को चयन के लिए बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। कुलपति प्रो काम्बोज ने बताया कि विश्वविद्यालय के लिए यह गर्व की बात है। हमारे छात्र और छात्राएं लगातार वैश्विक मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। इन्दिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. अतुल ढींगड़ा ने बताया कि किरण सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में बीएससी अंतिम वर्ष की छात्रा है।

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्युन | 3.9.25 | 3 | 1-3 |

# हकृवि की किरण इंडोनेशिया शिखर सम्मेलन में लेंगी भाग

हिसार, 2 सितंबर (हप्र)




हकृवि के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज के साथ छात्रा किरण व अन्य अधिकारी।-हप्र

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की छात्रा किरण 24वें अंतरराष्ट्रीय छात्र शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए इंडोनेशिया जाएंगी। यह शिखर सम्मेलन इंडोनेशिया की बोगर में 3 से 6 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने छात्रा को चयन के लिए बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। कुलपति प्रो काम्बोज ने बताया कि विश्वविद्यालय के लिए यह गर्व की बात है। हमारे छात्र और छात्राएं लगातार वैश्विक मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।

इन्दिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अतुल ढींगड़ा ने बताया कि किरण सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में बीएससी अंतिम वर्ष की छात्रा है। उन्होंने बताया कि टोक्यो कृषि विश्वविद्यालय द्वारा इंडोनेशिया के बोगर स्थित आईपीबी विश्वविद्यालय में खाद्य, कृषि और पर्यावरण पर 24वें अंतरराष्ट्रीय छात्र शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. रमेश कुमार ने बताया कि इस शिखर सम्मेलन में दुनिया भर के 19 देशों के 23 विश्वविद्यालयों से 26 प्रस्तुतकर्ता चुने गए हैं। शिखर सम्मेलन में विद्यार्थी अपने-अपने समुदायों के सामने आने वाली समस्याओं से निपटने के लिए उठाए गए कदमों पर चर्चा के लिए शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि 24वें शिखर सम्मेलन का मुख्य विषय युवा नेतृत्व वाले नवाचार और एक स्थाई भविष्य की दिशा में सामुदायिक सशक्तिकरण होगा।

अंतर्राष्ट्रीय मामलों की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा ने बताया कि छात्रा किरण सतत पोषण-कुपोषण की रोकथाम और सामुदायिक सशक्तिकरण के उपाय के रूप में बाजरा विषय पर अपना शोध प्रस्तुत करेंगी। समन्वयक डॉ. मंजूनाथ भी इस कार्य में अपना योगदान दे रहे हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 3.9.25 | 4 | 7-8 |

## हकृवि की छात्रा किरण इंडोनेशिया शिखर सम्मेलन में लेंगी भाग

हिसार, 2 सितम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की छात्रा किरण 24 वें अंतरराष्ट्रीय छात्र शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए इंडोनेशिया जाएंगी। यह शिखर सम्मेलन इंडोनेशिया की बोगर में 3 से 6 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने छात्रा को चयन के लिए बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



*कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के साथ छात्रा किरण व अन्य अधिकारी*

इन्दिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अतुल ढींगड़ा ने बताया कि किरण सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में बी.एस.सी. अंतिम वर्ष की छात्रा है। उन्होंने बताया कि टोक्यो कृषि विश्वविद्यालय द्वारा इंडोनेशिया के बोगर स्थित आईपीबी विश्वविद्यालय में खाद्य, कृषि और पर्यावरण पर 24वें अंतरराष्ट्रीय छात्र शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। छात्रा किरण सतत पोषण-कुपोषण की रोकथाम और सामुदायिक सशक्तिकरण के उपाय के रूप में बाजरा विषय पर अपना शोध प्रस्तुत करेंगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 3.9.25 | 4 | 6 |

## इंडोनेशिया शिखर सम्मेलन में भाग लेंगी एचएयू की छात्रा किरण

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) की छात्रा किरण 24वें अंतरराष्ट्रीय छात्र शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए इंडोनेशिया जाएंगी। यह शिखर सम्मेलन इंडोनेशिया की बोगर में तीन से छह सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। चयन के लिए विवि के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने छात्रा को बधाई दी।

कुलपति प्रो. कांबोज ने कहा कि यह विवि के लिए यह गर्व की बात है। हमारे छात्र और छात्राएं लगातार वैश्विक मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अतुल ढींगड़ा ने बताया कि किरण सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में बीएससी अंतिम वर्ष की छात्रा हैं। टोक्यो कृषि विश्वविद्यालय की ओर से इंडोनेशिया के बोगर स्थित आईपीबी विश्वविद्यालय में खाद्य, कृषि और पर्यावरण पर 24वें अंतरराष्ट्रीय छात्र शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. रमेश कुमार ने बताया कि इस शिखर सम्मेलन में दुनियाभर के 19 देशों के 23 विश्वविद्यालयों से 26 प्रस्तुतकर्ता चुने गए हैं। शिखर सम्मेलन में विद्यार्थी अपने समुदायों के सामने आने वाली समस्याओं से निपटने के लिए उठाए गए कदमों पर चर्चा के लिए शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।

अंतरराष्ट्रीय मामलों की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा ने बताया कि छात्रा किरण सतत पोषण-कुपोषण की रोकथाम और सामुदायिक सशक्तीकरण के उपाय के रूप में बाजरा विषय पर अपना शोध प्रस्तुत करेंगी। ब्यूरो

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 3.9.25 | 12 | 2-3 |


# किरण इंडोनेशिया शिखर सम्मेलन में लेगी भाग

- शिखर सम्मेलन इंडोनेशिया की बोगर में 3 से 6 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की छात्रा किरण अंतरराष्ट्रीय छात्र शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए इंडोनेशिया जाएंगी। यह शिखर सम्मेलन इंडोनेशिया की बोगर में 3 से 6 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने छात्रा को चयन के लिए बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। इन्दिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अतुल ढींगड़ा ने बताया कि किरण सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में बीएससी अंतिम वर्ष की छात्रा है।



हिसार। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के साथ छात्रा किरण व अन्य अधिकारी।

## पोषण-कुपोषण की रोकथाम पर शोध प्रस्तुत करेंगी

डॉ. अतुल ढींगड़ा ने बताया कि टोक्यो कृषि विश्वविद्यालय द्वारा इंडोनेशिया के बोगर स्थित आईपीबी विश्वविद्यालय में खाद्य, कृषि और पर्यावरण पर 24वें अंतरराष्ट्रीय छात्र शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. रमेश कुमार ने बताया कि इस शिखर सम्मेलन में दुनिया भर के 19 देशों के 23 विश्वविद्यालयों से 26 प्रस्तुतकर्ता चुने गए हैं। अंतरराष्ट्रीय मामलों की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा ने बताया कि छात्रा किरण सतत पोषण-कुपोषण की रोकथाम और सामुदायिक सशक्तिकरण के उपाय के रूप में बाजरा विषय पर अपना शोध प्रस्तुत करेंगी। समन्वयक डॉ. मंजूनाथ भी इस कार्य में अपना योगदान दे रहे हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार,
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| गुड़गांव मेल | 02.09.2025 | -- | -- |

# हिसार: हकृवि की छात्रा किरण इंडोनेशिया शिखर सम्मेलन में लेंगी भाग




नरेन्द्र ख्यालिया/गुड़गांव मेल

हिसार, 2 सितम्बर। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की छात्रा किरण 24वें अंतरराष्ट्रीय छात्र शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए इंडोनेशिया जाएंगी। यह शिखर सम्मेलन इंडोनेशिया की बोगर में 3 से 6 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने छात्रा को चयन के लिए बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

कुलपति प्रो काम्बोज ने बताया कि विश्वविद्यालय के लिए यह गर्व की बात है। हमारे छात्र और छात्राएं लगातार वैश्विक मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।

इन्दिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अतुल ढींगड़ा ने बताया कि किरण सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में बीएससी अंतिम वर्ष की छात्रा है। उन्होंने बताया कि टोक्यो कृषि विश्वविद्यालय द्वारा इंडोनेशिया के बोगर स्थित आईपीबी विश्वविद्यालय में खाद्य, कृषि और पर्यावरण पर 24वें अंतरराष्ट्रीय छात्र शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. रमेश कुमार ने बताया कि इस शिखर सम्मेलन में दुनिया भर के 19 देशों के 23 विश्वविद्यालयों से 26 प्रस्तुतकर्ता चुने गए हैं। शिखर सम्मेलन में विद्यार्थी अपने-अपने समुदायों के सामने आने वाली समस्याओं से निपटने के लिए उठाए गए कदमों पर चर्चा के लिए शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि 24वें शिखर सम्मेलन का मुख्य विषय युवा नेतृत्व वाले नवाचार और एक स्थाई भविष्य की दिशा में सामुदायिक सशक्तिकरण होगा।

अंतरराष्ट्रीय मामलों की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा ने बताया कि छात्रा किरण सतत पोषण-कुपोषण की रोकथाम और सामुदायिक सशक्तिकरण के उपाय के रूप में बाजरा विषय पर अपना शोध प्रस्तुत करेंगी। जिसमें पोषण संबंधी चुनौतियों का समाधान करने और स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने में पारंपरिक, जलवायु अनुकूल फसलों के महत्व पर प्रकाश डाला जाएगा। समन्वयक डॉ. मंजूनाथ भी इस कार्य में अपना योगदान दे रहे हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार,
# लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| जगमार्ग न्यूज | 02.09.2025 | -- | -- |

# हकृवि की छात्रा किरण इंडोनेशिया शिखर सम्मेलन में लेंगी भाग

**जगमार्ग न्यूज**



**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की छात्रा किरण 24वें अंतरराष्ट्रीय छात्र शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए इंडोनेशिया जाएंगी। यह शिखर सम्मेलन इंडोनेशिया की बोगर में 3 से 6 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने छात्रा को चयन के लिए बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। कुलपति प्रो काम्बोज ने बताया कि विश्वविद्यालय के लिए यह गर्व की बात है। हमारे छात्र और छात्राएं लगातार वैश्विक मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। इन्दिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठता डॉ. अतुल ढींगड़ा ने बताया कि किरण सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में बीएससी अंतिम वर्ष की छात्रा है। उन्होंने बताया कि टोक्यो कृषि विश्वविद्यालय द्वारा इंडोनेशिया के बोगर स्थित आईपीबी विश्वविद्यालय में खाद्य, कृषि और पर्यावरण पर 24वें अंतरराष्ट्रीय छात्र शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. रमेश कुमार ने बताया कि इस शिखर सम्मेलन में दुनिया भर के 19 देशों के 23 विश्वविद्यालयों से 26 प्रस्तुतकर्ता चुने गए हैं। शिखर सम्मेलन में विद्यार्थी अपने-अपने समुदायों के सामने आने वाली समस्याओं से निपटने के लिए उठाए गए कदमों पर चर्चा के लिए शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार,
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक समाज जागरण | 02.09.2025 | -- | -- |

# हकृवि की छात्रा किरण इंडोनेशिया शिखर सम्मेलन में लेंगी भाग।

हिसार 2 सितम्बर चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की छात्रा किरण 24वें अंतरराष्ट्रीय छात्र शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए इंडोनेशिया जाएंगी। यह शिखर सम्मेलन इंडोनेशिया की बोगर में 3 से 6 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने छात्रा को चयन के लिए बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। कुलपति प्रो काम्बोज ने बताया कि विश्वविद्यालय के लिए यह गर्व की बात है। हमारे छात्र और छात्राएं लगातार वैश्विक मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।

इन्दिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अतुल ढींगड़ा ने बताया कि किरण सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में बीएससी अंतिम वर्ष की छात्रा है। उन्होंने बताया कि टोक्यो कृषि विश्वविद्यालय द्वारा इंडोनेशिया के बोगर स्थित आईपीबी विश्वविद्यालय में खाद्य, कृषि और पर्यावरण पर 24वें अंतरराष्ट्रीय छात्र शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. रमेश कुमार ने बताया कि इस शिखर सम्मेलन में दुनिया भर के 19 देशों के 23 विश्वविद्यालयों से 26 प्रस्तुतकर्ता चुने गए हैं। शिखर सम्मेलन में विद्यार्थी अपने-अपने समुदायों के सामने आने वाली समस्याओं से निपटने के लिए उठाए गए कदमों पर चर्चा के लिए शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि 24वें शिखर सम्मेलन का मुख्य विषय युवा नेतृत्व वाले नवाचार और एक स्थाई भविष्य की दिशा में सामुदायिक सशक्तिकरण होगा।

अंतरराष्ट्रीय मामलों की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा ने बताया कि छात्रा किरण सतत पोषण-कुपोषण की रोकथाम और सामुदायिक सशक्तिकरण के उपाय के रूप में बाजरा विषय पर अपना शोध प्रस्तुत करेंगी। जिसमें पोषण संबंधी चुनौतियों का समाधान करने और स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने में पारंपरिक, जलवायु अनुकूल फसलों के महत्व पर प्रकाश डाला जाएगा। समन्वयक डॉ. मंजूनाथ भी इस कार्य में अपना योगदान दे रहे हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार,
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 02.09.2025 | -- | -- |


# हकृवि की छात्रा किरण इंडोनेशिया सम्मेलन में लेंगी भाग



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के साथ छात्रा किरण व अन्य अधिकारी

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की छात्रा किरण 24वें अंतरराष्ट्रीय छात्र शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए इंडोनेशिया जाएंगी। यह शिखर सम्मेलन इंडोनेशिया की बोगर में 3 से 6 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने छात्रा को चयन के लिए बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। कुलपति प्रो काम्बोज ने बताया कि विश्वविद्यालय के लिए यह गर्व की बात है। हमारे छात्र और छात्राएं लगातार वैश्विक मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।

इन्दिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अतुल ढींगड़ा ने बताया कि किरण सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में बीएससी अंतिम वर्ष की छात्रा है। उन्होंने बताया कि टोक्यो कृषि विश्वविद्यालय द्वारा इंडोनेशिया के बोगर स्थित आईपीबी विश्वविद्यालय में खाद्य, कृषि और पर्यावरण पर 24वें अंतरराष्ट्रीय छात्र शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. रमेश कुमार ने बताया कि इस शिखर सम्मेलन में दुनिया भर के 19 देशों के 23 विश्वविद्यालयों से 26 प्रस्तुतकर्ता चुने गए हैं। शिखर सम्मेलन में विद्यार्थी अपने-अपने समुदायों के सामने आने वाली समस्याओं से निपटने के लिए उठाए गए कदमों पर चर्चा के लिए शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि 24वें शिखर सम्मेलन का मुख्य विषय युवा नेतृत्व वाले नवाचार और एक स्थाई भविष्य की दिशा में सामुदायिक सशक्तिकरण होगा।

अंतरराष्ट्रीय मामलों की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा ने बताया कि छात्रा किरण सतत पोषण-कुपोषण की रोकथाम और सामुदायिक सशक्तिकरण के उपाय के रूप में बाजरा विषय पर अपना शोध प्रस्तुत करेंगी। जिसमें पोषण संबंधी चुनौतियों का समाधान करने और स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने में पारंपरिक, जलवायु अनुकूल फसलों के महत्व पर प्रकाश डाला जाएगा। समन्वयक डॉ. मंजूनाथ भी इस कार्य में अपना योगदान दे रहे हैं।